## नितिन नवीन और रेखा गुप्ता ने बसों को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

# दिल्ली परिवहन निगम के बेड़े में 500 नई ईवी बसें शामिल

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली के सार्वजनिक परिवहन सेवा में रविवार को 500 और नई ईवी बसें शामिल हो गई। इन बसों को रामलीला मैदान में आयोजित एक समारोह में भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन और दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने हरी झंडी दिखाकर दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के बेड़े में शामिल किया। इस अवसर पर दिल्ली से पानीपत के बीच अंतरराज्यीय ई-बस सेवा का भी शुभारंभ किया।

इन बसों के शामिल होने के बाद दिल्ली में इलेक्ट्रिक बसों की कुल संख्या अब 4 हजार से अधिक हो गई है, जो दिल्ली को देश में सबसे बड़े इलेक्ट्रिक बस बेड़े वाले शहर के रूप में स्थापित करती है। वहीं दिल्ली–पानीपत के बीच तीन नई इलेक्ट्रिक बस सेवाओं के संचालन से हजारों यात्रियों को सुरक्षित, सुगम और प्रदूषण-मुक्त यात्रा का लाभ मिलेगा। सरकार का लक्ष्य वर्ष 2026 के अंत तक इलेक्ट्रिक बसों की संख्या 7 हजार 500 तक पहुंचाने का है, जबकि वर्ष 2028 तक 14 हजार ईवी बसों को डीटीसी के बेड़े में शामिल करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।



### सीएम के नेतृत्व में दिल्ली को निर्णायक और जवाबदेह शासन मिला : नवीन

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने उपस्थित जनसमूह को संबोधित करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली को निर्णायक और जवाबदेह शासन मिला है। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता ने भारतीय जनता पार्टी को प्रचंड बहुमत देकर एक मजबूत और निर्णायक सरकार का गठन किया है, जिसके एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर पूरी दिल्ली बधाई की पात्र है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा सरकार के एक वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर दिल्ली की जनता को 500 नई इलेक्ट्रिक बसों का उपहार देना एक सराहनीय और दूरदर्शी कदम है।

इस विशेष कार्यक्रम में दिल्ली के भाजपा प्रदेश अध्यक्ष वीरेंद्र सचदेवा, मंत्री प्रवेश साहिब सिंह, आशीष सूद, डॉ. पंकज कुमार सिंह, रविंद्र इंद्राज, कपिल मिश्रा, विधायकगण सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। दिल्ली के परिवहन मंत्री डॉ. पंकज कुमार सिंह ने कहा कि दिल्ली–पानीपत के बीच शुरू की गई नई अंतरराज्यीय इलेक्ट्रिक बस सेवा यात्रियों को सुरक्षित, आरामदायक और पर्यावरण-अनुकूल यात्रा का अनुभव प्रदान करेगी। यह सेवा लगभग 86 किलोमीटर लंबी है और दिल्ली सिंघु बॉर्डर, हरियाणा सिंघु बॉर्डर, राय, बहालगढ़, कुमासपुर, मुरथल, गनौर, पट्टी कल्याणा, समालखा, करहंस और माचरोली जैसे प्रमुख स्थानों से होकर गुजरेगी, जिससे क्षेत्रीय संपर्क को नई मजबूती मिलेगी। ये बसें दिल्ली से पानीपतः सुबह 7:00, 7:30, 8:30 तथा दोपहर 3:00, शाम 4:00, 5:00 बजे और पानीपत से दिल्लीः सुबह 10:00, 10:30, 11:30 तथा शाम 6:00, 7:00, रात 8:00 बजे चलेगी।

### आधुनिक बसें और यात्रियों के लिए बेहतर सुविधाएं ही हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड : रेखा गुप्ता

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने रामलीला मैदान में सरकार के एक वर्ष के कार्यकाल का रिपोर्ट कार्ड प्रस्तुत करते हुए कहा कि उनकी सरकार का आकलन केवल कागजी आंकड़ों से नहीं, बल्कि दिल्ली की सड़कों पर दौड़ती आधुनिक बसों और आम जनता को मिल रही बेहतर परिवहन सुविधाओं से किया जाना हर हमारी सरकार का रिपोर्ट कार्ड है। उन्होंने कहा कि पूर्ववर्ती सरकार ने डीटीसी को लगभग 65 हजार करोड़ रुपये के नुकसान की स्थिति में छोड़ दिया था।

### ई-बसों की दौड़ में दिल्ली बनी नंबर-एक

दिल्ली ने स्वच्छ और सतत परिवहन के क्षेत्र में एक और ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल करते हुए देश में ई-बसों के क्षेत्र में पहला स्थान प्राप्त कर लिया है। रामलीला मैदान में 500 नई ईवी बसों के जुड़ने के साथ ही, दिल्ली में अब कुल 4,286 इलेक्ट्रिक बसें संचालित हो रही हैं, जिससे राजधानी ने अब तक शीर्ष स्थान पर रहे महाराष्ट्र (4,001 ई-बसें) को पीछे छोड़ दिया है। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार ई-बसों की संख्या के मामले में कर्नाटक (1,989), गुजरात (1,041), तेलंगाना (875) और उत्तर प्रदेश (874) का स्थान है।

## एक वर्ष, अनगिनत कार्य और जनता का अटूट विश्वासः रेखा



हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की भारतीय जनता पार्टी की सरकार के एक वर्ष पूरे होने का दिन केवल एक राजनीतिक पड़ाव नहीं, बल्कि भावनाओं, संघर्ष, विश्वास और सेवा के संकल्प से भरा हुआ क्षण बन गया है। यह बात रविवार को दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने अपने विधानसभा क्षेत्र शालीमार बाग में विकास कार्यों की शुरुआत के अवसर पर कही।पीतमपुरा स्थित डिस्ट्रिक्ट पार्क में अनेक जनहितकारी परियोजनाओं का शुभारंभ करते हुए उन्होंने क्षेत्रवासियों को संबोधित किया तो शब्दों में उपलब्धियों से अधिक संवेदनाएं और आत्मीयता झलक रही थीं।

इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने अपने क्षेत्र के विकास कार्यों का रिपोर्ट कार्ड भी पेश किया। मुख्यमंत्री ने एक वर्ष का रिपोर्ट कार्ड साझा करते हुए बताया कि केवल शालीमार बाग विधानसभा में लगभग 250 करोड़ रुपये के विकास कार्य प्रारंभ या पूर्ण किए जा चुके हैं, जबकि बड़े स्तर की परियोजनाएं हजारों करोड़ रुपये की हैं। डिस्ट्रिक्ट पार्क का पुनर्विकास, नए गेट, फाउंटेन, टॉयलेट, फुटपाथ और जनसुविधाएं—इन सबको उन्होंने क्षेत्र की गरिमा और लोगों की रोज़मर्रा की खुशियों से जोड़ा।

उन्होंने मुनक नहर पर प्रस्तावित लगभग 5 हजार करोड़ रुपये की एलिवेटेड सड़क, नहर किनारे सौंदर्यीकरण और छठ घाट, आधुनिक ऑडिटोरियम, मॉडल स्कूल, नए कम्युनिटी हॉल, विस्तारित आयुर्वेदिक अस्पताल, उन्नत जच्चा-बच्चा केंद्र और नए स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स जैसी योजनाओं को आने वाली पीढ़ियों के भविष्य से जुड़ी ऐतिहासिक पहल बताया। साथ ही सड़कों, नालियों, लाइटों, पार्कों और बाजारों के व्यापक सुधार को हर घर तक पहुंचता विकास करार दिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को प्रेरणास्त्रोत बताते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि उनकी कार्यशैली और ऊर्जा उन्हें निरंतर सेवा के लिए प्रेरित करती है।

### देवली और खानपुर वार्ड में 14 करोड़ के विकास कार्यों का शुभारंभ, निर्माण कार्य शीघ्र होगा शुरू

नई दिल्ली। दक्षिण दिल्ली से भाजपा सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी ने रविवार को अपने क्षेत्र के खानपुर वार्ड और देवली वार्ड में 14 करोड़ रुपए के विकास कार्यों की शुरुआत की। बिधूड़ी ने बताया कि खानपुर वार्ड में विभिन्न विकास योजनाओं पर तीन करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं जिनसे सामुदायिक केंद्र का निर्माण किया जाएगा तथा सड़कों और नालियों का निर्माण होगा। देवली वार्ड के लिए 11 करोड़ रुपए के विकास कार्यों का शुभारंभ किया गया जिससे सड़कों के निर्माण के साथकृसाथ नालों और नालियों का भी निर्माण होगा। इससे लोगों को आवागमन की सुविधा मिलेगी तथा सफाई व्यवस्था में भी सुधार होगा। इस अवसर पर खानपुर वार्ड की निगम पार्षद ममता यादव और देवली क्षेत्र की निगम पार्षद अनिता सिंघल भी उनके साथ मौजूद रहीं।

## दिल्ली सरकार ने डीटीसी के वेतन-पेंशन के लिए एक हजार 200 करोड़ रुपए की दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नई दिल्ली

दिल्ली की मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने दिल्ली परिवहन निगम (डीटीसी) के हजारों कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को बड़ी राहत देने के अलावा आधुनिक तकनीक से यातायात को सुगम बनाने के लिए एक हजार 200 करोड़ रुपये के अनुदान को मंजूरी दी है। इस राशि का बड़ा हिस्सा कर्मचारियों के वेतन और वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए समर्पित है। मुख्यमंत्री का कहना है कि यह केवल सरकारी अनुदान नहीं है, बल्कि अपने उन कर्मचारियों के प्रति सम्मान और आभार है जो हर मौसम में दिल्ली को थमने नहीं देते। हमने यह भी सुनिश्चित किया है कि हमारे बुजुर्ग पेंशनभोगियों को कभी अपनी मेहनत की कमाई के लिए इंतजार न करना पड़े। मुख्यमंत्री ने बताया कि वित्त विभाग द्वारा जारी किए गए 1 हजार 200 करोड़ रुपये के अनुदान में से 1 हजार 100 करोड़ रुपये सीधे तौर पर कर्मचारियों और पेंशनभोगियों के वेतन, पेंशन और अन्य देयताओं के लिए आवंटित किए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी और उसके कर्मचारी दिल्ली की लाइफलाइन हैं। यह राशि उनके और उनके परिवारों की वित्तीय सुरक्षा सुनिश्चित करेगी ताकि उन्हें समय पर भुगतान मिल सके। मुख्यमंत्री ने बताया कि कर्मचारी कल्याण के साथ-साथ, परिवहन व्यवस्था के आधुनिकीकरण के लिए 100 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि डीटीसी केवल बसों का बेड़ा नहीं है, बल्कि यह दिल्ली के लाखों नागरिकों के जीवन को गति देने वाली धमनियां हैं।

■ बुजुर्ग पेंशनभोगियों और वर्तमान कर्मचारियों का सम्मान करती है हमारी सरकार : रेखा

# एक साल में खत्म हुआ लाइसेंस राज, आसान हुआ दिल्ली में बिज़नेस




नई दिल्ली। पिछले कई दशकों से दिल्ली की अर्थव्यवस्था की धड़कन—हमारे छोटे कारोबारी, फैक्ट्री मालिक और स्टार्टअप उद्यमी—बाजार की चुनौतियों से कम और जटिल प्रक्रियाएं, लाइसेंस से ज्यादा जूझ रहे थे। लेकिन पिछले एक साल में यह तस्वीर पूरी तरह बदल गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के नेतृत्व में दिल्ली सरकार ने लाइसेंस-आधारित नियंत्रण से भरोसे-आधारित शासन की ओर निर्णायक कदम बढ़ाया है। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के 'मिनिमम गवर्नमेंट, मैक्सिमम गवर्नेंस' के विजन को जमीन पर उतारते हुए, दिल्ली अब व्यापारियों के लिए एक नियंत्रक नहीं, बल्कि एक सहायक की भूमिका निभा रही है।

### इंफ्रास्ट्रक्चर निवेश को मिला बढ़ावा

नई दिल्ली। नीति सुधारों के साथ-साथ सरकार ने औद्योगिक बुनियादी ढांचे को मज़बूत करने पर भी विशेष ध्यान दिया है। दिल्ली के औद्योगिक क्षेत्रों को आधुनिक और प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए सड़कों के सुदृढ़ीकरण, स्टॉर्म वॉटर ड्रेनेज व्यवस्था और स्ट्रीट लाइट्स का सुधार किया जा रहा है। इन कार्यों का उद्देश्य उद्योगों को बेहतर सुविधाएँ उपलब्ध कराना और संचालन से जुड़ी व्यावहारिक समस्याओं को दूर करना है। इसके साथ ही, भविष्य की औद्योगिक आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए तीन नए औद्योगिक क्षेत्रों के विकास की योजना पर भी काम शुरू किया गया है।

### रफ्तार की नई पहचानः 120 दिन का काम अब मात्र 20 दिन में




**नई दिल्ली।** व्यापार और उद्योग के लिए समय ही सबसे बड़ी पूंजी होता है, और इसी सच्चाई को समझते हुए सरकार ने ग्रीन कैटेगरी उद्योगों के लिए लाइसेंस स्वीकृति की समय-सीमा को जहाँ पहले 120 दिनों तक खींचा जाता था, उसे अब घटाकर मात्र 20 दिन कर दिया गया है। इतना ही नहीं, यदि तय समय-सीमा के भीतर संबंधित विभाग द्वारा कोई निर्णय नहीं लिया जाता, तो लाइसेंस स्वतः डीम्ड अप्रूवल के तहत स्वीकृत माना जाएगा। इसके साथ ही सरकार द्वारा एक सशक्त सिंगल विंडो सिस्टम को एकीकृत डिजिटल प्लेटफॉर्म के रूप में लागू किया गया है, जिससे उद्योगपतियों को विभिन्न विभागों के चक्कर लगाने से राहत मिली है। इसके अंतर्गत 21 विभागों की 49 सेवाओं को एक ही मंच पर जोड़ा गया है, जिससे अनुमति, स्वीकृति और अनुपालन की प्रक्रिया अधिक सरल और समयबद्ध हो गई है। यह प्रणाली DPIIT और BRAP मानकों के अनुरूप विकसित की गई है, जो निवेश सुगमता और पारदर्शिता को सुनिश्चित करती है।

## लाइसेंस राज से राहतः दशकों पुरानी बाधाएं हुई खत्म

नई दिल्ली। एक उद्यमी के लिए सबसे बड़ी बाधा फाइलों का चक्कर काटना था। लेकिन दिल्ली सरकार ने इसे जड़ से खत्म करने के लिए कई साहसिक कदम उठाए हैं। अब स्वीमिंग पूल, होटल, गेस्ट हाउस, इटिंग हाउस, डिस्कोथेक, वीडियो गेम पार्लर, अम्यूजमेंट पार्क और ऑडिटोरियम जैसे प्रतिष्ठानों को संचालित करने के लिए दिल्ली पुलिस लाइसेंसिंग की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है ।इसी तरह सरकार द्वारा , एमसीडी द्वारा लाइसेंसिंग प्रक्रिया का रेशनलाइजेशन किया गया है, जिससे अधिसूचित औद्योगिक क्षेत्रों में फैक्ट्रियों को अलग से लाइसेंस लेने से मुक्त किया गया है।

### इस फैसले से

- समय और लागत की बचत हुई
- अनावश्यक निरीक्षण समाप्त हुए
- भ्रष्टाचार की संभावनाएं घटीं
- उद्यम शुरू करना आसान हुआ

### व्यापारियों को 994 करोड़ का रिकॉर्ड जीएसटी रिफंड जारी

व्यापारियों के सामने वर्षों से सबसे बड़ी चुनौती लंबित जीएसटी रिफंड रही है, जिससे उनकी कार्यशील पूंजी प्रभावित होती रही। रेखा गुप्ता सरकार ने इस समस्या को प्राथमिकता देते हुए मिशन मोड में समाधान की दिशा में कदम बढ़ाया। पिछले वर्ष अप्रैल से लेकर दिसम्बर तक 994 करोड़ का जीएसटी रिफंड सीधे व्यापारियों को लौटाया गया, जिससे बाजार में नकदी प्रवाह को मजबूती मिली। सितंबर 2025 में 227 करोड़ का रिफंड जारी किया गया, जो एक ही महीने में अब तक का सबसे बड़ा आंकड़ा है।

### सूक्ष्म और लघु उद्योगों के लिए 10 करोड़ तक कोलैटरल-फ्री लोन

*छोटे और मध्यम उद्यमी अर्थव्यवस्था की रीढ़ होते हैं और इसी वास्तविकता को ध्यान में रखते हुए दिल्ली सरकार द्वारा **CGTMSE** के सहयोग से 10 करोड़ तक के कोलैटरल-फ्री ऋण देने के लिए एमओयू पर हस्ताक्षा किये गए है। इसके साथ ही भारतीय रिजर्व बैंक के साथ किए गए एमओयू के माध्यम से दिल्ली को एक संगठित बैंकिंग और ऋण प्रबंधन ढांचे से जोड़ा गया है। सरकार द्वारा उठाई गई यह पहले स्पष्ट करती है कि नीति अब केवल अनुमति देने तक सीमित नहीं है, बल्कि पूंजी की उपलब्धता को भी सुनिश्चित कर रही है।*

### ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्डः संवाद से समाधान

*व्यापारियों के साथ संवाद को संस्थागत रूप देने के लिए ट्रेडर्स वेलफेयर बोर्ड का गठन किया गया है। 10 करोड़ के प्रारंभिक अनुदान के साथ यह बोर्ड राजधानी के लगभग आठ लाख पंजीकृत व्यापारियों की समस्याओं और सुझावों को सीधे सरकार तक पहुँचाने का माध्यम बन रहा है।*

### औद्योगिक उपलब्धियांः एक नजर में

- औद्योगिक इंफ्रास्ट्रक्चर के लिए ₹1,000 करोड़+ का निवेश
- GST रिफंड- ₹994 करोड़
- लाइसेंस समय-सीमा -120 दिन से घटाकर 20 दिन की गई
- छोटे उद्योगों को ₹10 करोड़ तक बिना गारंटी लोन
- व्यवसायों में पुलिस लाइसेंसिंग समाप्त कर दी गई है




DIP/Shabdarth/Advertorial/0126/25-26

खबर संक्षेप



## गीजर में विस्फोट से एक व्यक्ति की मौत

**नई दिल्ली।** दक्षिण पूर्वी जिले के हजरत निजामुद्दीन में एक इलेक्ट्रिक गीजर में विस्फोट के कारण घर में आग लग गई। इस घटना में 50 वर्षीय एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी घायल है। उन्हें इलाज के लिये अस्पताल में भर्ती करवाया गया है। महिला का नाम फिदा निजामी बताया गया है। उनके पति का नाम मोहम्मद सैयद निजामी था। शव को एम्स के मुर्दाघर में भिजवाया गया है। पुलिस के अनुसार यह घटना शनिवार शाम पांच बजे हजरत निजामुद्दीन इलाके में हुई। एक घर में भीषण आग लगने की सूचना मिलने के बाद तुरंत एक टीम मौके पर भेजी गई। पुलिस को घर का दरवाजा अंदर से बंद मिला। दरवाजा तोड़कर पुलिस और दमकलकर्मी अंदर घुसे। बचाव अभियान के दौरान बाथरूम में मकान मालिक मोहम्मद सैयद निजामी और उनकी पत्नी फिदा निजामी (45) धुएं के कारण अचेत अवस्था में मिले। परिवार के बाकी सदस्यों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया था। दंपति को तुरंत मूलचंद अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने निजामी को मृत घोषित कर दिया। उनकी पत्नी को होश आ गया और उनका उपचार किया जा रहा है। इस संबंध में एक मामला दर्ज किया गया है और जांच जारी है।

## सिलेंडर फटने से चार लोग घायल

**नई दिल्ली।** बाहरी दिल्ली के मंगोलपुरी इलाके में रविवार को एक घर में सिलेंडर फटने से चार लोग मामूली रूप से घायल हो गए। दमकल विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अपराह्न 1:15 बजे सिलेंडर फटने की सूचना मिली। तुरंत दमकल विभाग की गाड़ी को मौके पर भेजा गया। आग को 15 मिनट के भीतर पूरी तरह से बुझा दिया गया। मामूली रूप से घायल चार लोगों को घर से बाहर निकाला और उन्हें पास के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### 40 लाख की ठगी के डिजिटल अरेस्ट केस में हुई गिरफ्तारी

# 100 करोड़ की धोखाधड़ी में शामिल दो शातिर धोखेबाजों को दबोचा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



क्राइम ब्रांच की साइबर सेल ने 100 करोड़ के डिजिटल स्कैम में शामिल दो शातिर धोखेबाजों को गिरफ्तार किया है। आरोपी कम से कम 190 साइबर धोखाधड़ी की शिकायतों में शामिल थे। आरोपियों के नाम अनीश सिंह और मणि सिंह बताये गये हैं। दोनों को एक महिला की शिकायत के बाद गिरफ्तार किया गया। महिला से दो महीने तक फर्जी साइबर अपराध जांच के बहाने डिजिटल अरेस्ट कर 40 लाख रुपये ठगे गये थे।

पुलिस के अनुसार पीड़ित महिला को पिछले साल 15 अक्टूबर से 12 दिसंबर के बीच डिजिटल अरेस्ट का शिकार बनाया गया था। जालसाजों द्वारा खुद को वरिष्ठ पुलिस अधिकारी बताकर महिला पर आधार कार्ड का उपयोग करके आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने का झूठा आरोप लगाया गया था। बाद में पीड़िता की बात एक महिला से कराई गई, जिसने खुद को पुलिस अधिकारी बताया और वीडियो और ऑडियो कॉल के जरिये फर्जी एफआईआर और गिरफ्तारी वारंट दिखाए। डिजिटल अरेस्ट के दौरान साइबर अपराधियों ने पीड़िता से 40 लाख रुपये अलग-अलग खातों में जमा करवाए। शिकायत पर क्राइम ब्रांच द्वारा मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई। आरोपियों द्वारा सबूत मिटाने के प्रयासों के बावजूद पुलिस टीम ने डिजिटल सबूतों का पता लगाया। कई राज्यों में सक्रिय फर्जी कंपनियों से जुड़े कई संदिग्ध बैंक खातों और यूपीआई आईडी का पता चला। बाद में पश्चिमी दिल्ली के न्यू महावीर नगर में पंजीकृत एक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी के नाम पर मौजूद ऐसा ही एक खाता मिला और यह एक अहम कड़ी के रूप में सामने आया। अनीश सिंह और मणि सिंह इस फर्म के संयुक्त निदेशक थे। पूछताछ के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया और उन्होंने खुलासा किया कि कंपनी के नाम पर आठ बैंक खाते खोले गए थे, जिनका इस्तेमाल रकम की हेराफेरी करने के लिए किया गया था। दोनों फर्जी सिम कार्ड और जाली दस्तावेजों का इस्तेमाल कर रहे थे। पहले फरीदाबाद पुलिस ने भी इन्हें इसी तरह के एक मामले में गिरफ्तार किया था।

# नंदू गिरोह के दो शूटर कोल्हापुर से पकड़े

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



स्पेशल सेल ने कुख्यात कपिल सांगवान उर्फ नंदू गैंग के दो शूटरों को गिरफ्तार किया है। सौरभ और योगेश को 4500 किलोमीटर पीछा करने के बाद महाराष्ट्र के कोल्हापुर से गिरफ्तार किया गया। दोनों हरियाणा के झज्जर जिले के बादली थाने के सनसनीखेज हत्या मामले में वांछित थे। झज्जर पुलिस कमिश्नर ने योगेश की गिरफ्तारी पर इनाम भी घोषित किया था। सौरभ को दिल्ली में हत्या और हत्या के प्रयास के दो जघन्य मामलों में पीओ घोषित किया गया था।

डीसीपी अलाप पटेल के अनुसार सौरभ लाकड़ा (23) निवासी वीपीओ जाहरी, सोनीपत जबकि योगेश शर्मा (33) बी ब्लॉक, नंदा एन्क्लेव, नजफगढ़ का रहने वाला है। जनवरी के आखिरी हफ्ते में स्पेशल सेल सदर्न रेंज को सौरभ और योगेश के बारे में सूचना मिली थी। इसके अनुसार एसआई नवदीप आदि की टीम महाराष्ट्र के लिए रवाना हुई थी। 100 से ज्यादा होटलों और गेस्ट हाउसों में जांच करने के बाद कोल्हापुर में श्री टेंबलाई मंदिर के पास, उंचागांव रोड से दोनों को पकड़ा गया। दोनों आरोपी संदीप उर्फ बबलू की हत्या के मामले में वांछित थे। 17 जुलाई 2025 को संदीप अपने दोस्त के साथ कार में जा रहा था, तभी दो हमलावरों ने उन पर गोली चलाई थी। इसमें संदीप की मौत हो गई थी। हत्या कपिल सांगवान के कहने पर की गई थी। इस संबंध में झज्जर जिले के बादली थाने में केस दर्ज किया था। आरोपियों ने बताया कि उन्होंने मध्य प्रदेश से एक-एक सिंगल-शॉट पिस्टल खरीदी थी। हथियार दिल्ली में एक सेफ हाउस में छिपाए गए थे। इनकी निशानदेही पर छापा मारकर दो सिंगल-शॉट पिस्टल और दो कारतूस बरामद कर लिये गये।

# कार से एक महिला और दो पुरुषों के शव बरामद

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

बाहरी जिले के पीरागढ़ी इलाके में फ्लाईओवर के पास एक सफेद रंग की टाटा टिगोर कार से तीन लोगों के शव बरामद हुये। इस घटना से इलाके में हड़कंप मच गया। पुलिस ने बताया कि मृतकों में एक महिला और दो पुरुष शामिल है। तीनों के शव मोर्चरी भिजवाये गये हैं। पुलिस मामले की तफ्तीश में जुट गई है। खबर लिखे जाने तक पुलिस और फोरेंसिक टीमें मौके पर जांच में जुटी थी।

मिली जानकारी के मुताबिक फायर टीम को लावारिस कार मिलने की सूचना मिली थी। टीम जब मौके पर पहुंची तो कार में तीन लोग मृत पाए गए, जिसके बाद मौके पर पुलिस पहुंची और घटना की छानबीन शुरू की गई। पुलिस ने बताया कि शव संदिग्ध हालत में मिले। जिन लोगों के शव मिले उनकी पहचान रणधीर (76), लक्ष्मी (40) और शिव नरेश (47) के रूप में हुई है। रणधीर और शिव



बापरौला के निवासी थे जबकि लक्ष्मी जहांगीर पुरी की रहने वाली थी। डीसीपी सचिन शर्मा ने बताया कि हमें सूचना मिली थी कि एक गाड़ी में डेडबॉडी हो सकती हैं। जब वहां जाकर देखा तो तीन लोग डेड थे। पुलिस सभी पहलुओं पर मामले की जांच कर रही है। आसपास लगे सीसीटीवी कैमरे भी खंगाले जा रहे है। वहीं सूत्रों से मिली सूचना के अनुसार इस पूरे मामले में जहर खाकर आत्महत्या करने की प्रबल आशंका जताई जा रही है। हालांकि मौत की असली वजह पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद पता चल पाएगी।

# बाइक सवार मौत केस: ठेकेदार के बाद उसका मजदूर भी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

जनकपुरी पुलिस ने 15 फुट गहरे गड्ढे में गिरने से हुई 25 वर्षीय बाइक सवार की मौत के मामले में उप-ठेकेदार द्वारा काम पर रखे गए एक मजदूर को भी रविवार को गिरफ्तार कर लिया। केस में उप ठेकेदार को पहले ही गिरफ्तार किया जा चुका है। एक एक दिन के रिमांड पर लिया गया है।

डीसीपी दराटे शरद भास्कर ने बताया कि पुलिस ने योगेश (23) नामक मजदूर को गिरफ्तार किया है। उस पर आरोप है कि उसने बाइक सवार के गिरने की सूचना पुलिस या आपातकालीन सेवाओं को नहीं दी और बाद में जब बाइक सवार के परिजन उसके बारे में जानकारी लेने पहुंचे तो उन्हें गुमराह किया। योगेश हादसे के समय मौके पर मौजूद था और वह उन शुरुआती लोगों में शामिल था जिन्हें यह जानकारी हुई कि एक बाइक सवार दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) द्वारा सीवर से जुड़े कार्य के लिए खोदे गए गड्ढे में गिर गया है। योगेश ने रात के समय इस घटना की जानकारी उप-ठेकेदार राजेश कुमार प्रजापति को दी थी, लेकिन पुलिस या किसी भी आपात एजेंसी को इसकी सूचना नहीं दी। बाद में जब उस रात बाइक सवार के परिजन उसकी तलाश में मौके पर पहुंचे तो योगेश ने अनभिज्ञता जताते हुए उन्हें गुमराह किया। योगेश बाद में वहां से फरार हो गया था। योगेश को उत्तर प्रदेश के फिरोजाबाद से गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने बताया कि ड्यूटी मजिस्ट्रेट ने आगे की जांच के लिए आरोपी को एक दिन की पुलिस हिरासत में भेज दिया है। पुलिस ने शनिवार को बताया था कि कॉल डिटेल रिकॉर्ड से पता चला कि योगेश ने रात करीब 12.22 बजे राजेश कुमार प्रजापति से संपर्क किया था, जिसके बाद उप-ठेकेदार 15–20 मिनट के भीतर मौके पर पहुंच गया था। हालांकि, पुलिस को घटना की सूचना अगली सुबह करीब आठ बजे दी गई। तब तक बाइक सवार की मौत हो चुकी थी। पुलिस ने पहले बताया था कि एक सुरक्षा गार्ड द्वारा सतर्क किए जाने के बाद योगेश ने गड्ढे के भीतर झांककर देखा था, उसने अंदर देखा कि मोटरसाइकिल की हेडलाइट जल रही थी और एक व्यक्ति वहां पड़ा था। कैलाशपुरी निवासी और एक निजी बैंक में कार्यरत कमल ध्यानी बृहस्पतिवार और शुक्रवार की दरमियानी रात जनकपुरी में लगभग 15 फुट गहरे गड्ढे में गिर गया था। पीड़ित के परिजनों ने पूरी रात कई अस्पतालों, पुलिस थानों और विभिन्न इलाकों में, गड्ढे के आसपास भी उसकी तलाश की, लेकिन कहीं भी किसी हादसे का कोई रिकॉर्ड नहीं मिला था। इस मामले में डीजीबी के तीन अधिकारियों को भी निलंबित किया जा चुका है।

## साइबर धोखाधड़ी में शामिल अंतरराष्ट्रीय गिरोह के तीन लोगों को दबोचा

**नई दिल्ली।** क्राइम ब्रांच की नॉर्दर्न रेंज 1 टीम ने अंतरराष्ट्रीय साइबर धोखाधड़ी नेटवर्क का भंडाफोड़ कर तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। ये गिरफ्तारियां शेयर बाजार से संबंधित साइबर धोखाधड़ी की जांच के बाद की गई, जिसमें पश्चिमी दिल्ली के उत्तम नगर निवासी शख्स से लगभग 42.5 लाख रुपये की धोखाधड़ी की गई थी। पुलिस के अनुसार 56 वर्षीय व्यक्ति की शिकायत के आधार पर 17 दिसंबर 2025 को एक ई-एफआईआर दर्ज की गई थी। शिकायतकर्ता ने आरोप लगाया कि धोखेबाजों ने उन्हें शेयर बाजार में निवेश करने के लिए प्रेरित किया, जिसके बाद कई बैंक खातों के माध्यम से धोखाधड़ी की गई। जांच के दौरान पता चला कि धोखाधड़ी की गई राशि 36 बैंक खातों के माध्यम से इधर उधर की गई थी। एक लाभार्थी खाता दक्षिण दिल्ली के मुनिरका गांव निवासी सब्बीर अहमद का पाया गया था। उसे 21 जनवरी को गिरफ्तार किया गया था। पूछताछ के दौरान उसने खुलासा किया था कि उसने विभिन्न बैंकों में नौ से 10 खाते खोले थे और बटला हाउस के निवासियों मोहम्मद सरफराज (31) और मोहम्मद दिलशाद (21) को बैंक संबंधी जानकारी सौंपी थी। उसने इन खातों में जमा की गई धोखाधड़ी की रकम पर लगभग दो प्रतिशत का कमीशन कमाया। उसकी निशानदेही पर बाद में सरफराज और दिलशाद को पांच फरवरी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने कहा कि दोनों ने चीनी संचालकों के साथ संबंध होने की बात स्वीकारी है और खुलासा किया कि वे चीनी नागरिकों को यूएसडीटी क्रिप्टोकरेंसी बेचने में शामिल थे। वे बैंक अधिकारियों के साथ समन्वय करके कई बैंक खाते खोलने की सुविधा प्रदान करने में भी शामिल थे।

## वीकेंड पर सूरज ने कराया गर्मी का अहसास, सर्दी से राहत जारी, वायु प्रदूषण में मामूली कमी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली

कड़ाके की ठंड का बदलते मौसम का मिजाज और बदलता जा रहा है। वीकेंड यानी रविवार को दिनभर सूरज के चमक ने लोगों को हल्की गर्मी का अहसास कराया। जबकि दिन व रात के तापमान में सुधार के चलते राहत जारी है। वहीं वायु प्रदूषण के ग्राफ में भी मामूली सुधार देखने को मिला है। कुल मिलाकर कहा जाए तो सीकेंड दिल्ली वालों के लिए खुशगवार व मौज मस्ती वाला रहा। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग (आईएमडी) के अनुसार रविवार को अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 1.1 डिग्री सेल्सियस अधिक है। जबकि न्यूनतम तापमान 10.2 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ जो सामान्य से 0.8 डिग्री सेल्सियस अधिक है। हालांकि यह तापमान शनिवार की तुलना में कम है लेकिन अब भी सामान्य से अधिक होने के चलते राहत भरा मौसम देखने को मिला है। बावजूद इसके पालम, लोधी रोड और आया नगर में न्यूनतम तापमान सिंगल डिजिट में 9.6 डिग्री सेल्सियस दर्ज हुआ है। आईएमडी ने ताजा अनुमान में कहा कि सोमवार को दिन रात के तापमान में मामूली गिरावट की संभावना से इनकार नहीं किया जा सकता। लेकिन आसमान मुख्यत आंशिक रूप से बादल छाए रह सकते है। सुबह के समय कुछ जगहों पर कुहासा या हल्का कोहरा देखने को मिल सकता है। बारिया को लेकर आईएमडी का अनुमान है कि सोमवार को ऐसी किसी गतिविधि की संभावना नहीं के बराबर कही जा सकती है। वहीं दूसरी तरफ वायु प्रदूषण सूचकांक (एक्यूआई) भी कुल मिलाकर राहत वाला कहा जा सकता है। केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड (सीपीसीबी) के अनुसार रविवार सुबह 7 बजे दिल्ली का एक्यूआई मामूली सुधार के साथ 196 था, जो मध्यम श्रेणी में आता है। जबकि शनिवार को यह आंकड़ा 227 था जो खराब श्रेणी में आता है। सीपीसीबी के अनुसार मुंडका में सबसे ज्यादा 266 एक्यूआई और श्री अरबिंदो मार्ग में सबसे कम 126 एक्यूआई दर्ज हुआ।

## डीडीए ने रेडी-टू-मूव-इन योजना को दूसरी बार बढ़ाकर किया 28 फरवरी, शनिवार को हुई थी बंद

**नई दिल्ली।** दिल्ली विकास प्राधिकरण (डीडीए) ने अपनी छत का सपना देख रहे लोगों को एक और मौका देते हुए घोषणा की है कि जनता आवास योजना 2025 के लिए आवेदन करने का समय बढ़ाकर 28 फरवरी 2026 कर दिया गया है। हालांकि यह योजना बीते कल यानी शनिवार शाम को बंद कर दी गई थी। लेकिन डीडीए ने रविवार को घोषणा करते हुए बताया कि आवास योजना 2025 के लिए समय सीमा शनिवार 7 फरवरी 2026 से बढ़ाकर कर 28 फरवरी 2026 कर दिया गया है। अब इस योजना का लक्की ड्रा अगले महीने 13 मार्च 2026 को निकाला जाएगा। योजना को लेकर सूत्रों का कहना है कि लोगों की मांग को देखते हुए इस योजना को आगे बढ़ाया गया है। बता दें कि इस योजना में द्वारका मोड़ और गांव चांदन होला, छतरपुर मेन रोड पर 144 रेडी-टू-मूव-इन ईडब्ल्यूएस व जनता फ्लैट वर्ग के फ्लैट उपलब्ध हैं। डीडीए से प्राप्त जानकारी अनुसार रेडी-टू-मूव फ्लैट योजना 2025 के तहत महज 12.6 लाख रुपए में अपने घर का सपना सच हो सकता है। इस योजना को भरपूर समर्थन मिला है। इस योजना को दूसरी बार विस्तार देने के बाद 7 जनवरी 2026 से रजिस्ट्रेशन शुरू हुए थे। रेडी टू मूव इन घर योजना के अंतर्गत फाइनेंशियल रूप से कमजोर वर्ग यानी ईडब्ल्यूएस को दिल्ली की प्रमुख लोकेशन पर तैयार जनता आवास फ्लैट किफायती कीमतों पर उपलब्ध कराए गए है। खास बात ये है कि ये फ्लैट कम आमदनी वाले लोगों के लिए हैं और सबसे अच्छी बात ये है कि द्वारका मोड़ जैसे बढ़िया इलाके में फ्लैट की शुरुआती कीमत सिर्फ 12.63 लाख रुपये है। योजना के तहत सभी फ्लैट पूरी तरह फ्रीहोल्ड हैं यानी पूरा मालिकाना हक मिलेगा और पार्किंग सुरक्षा जैसी सभी सुविधाएं भी उपलब्ध हैं। इस योजना में कुल 144 फ्लैट हैं जिनमें से 62 द्वारका मोड़ में हैं और 82 चांदनहौला में जो छतरपुर मेन रोड पर है. द्वारका मोड़ वाले फ्लैट की कीमत 12.63 लाख रुपये से शुरू होकर 13.24 लाख रुपये तक है. वहीं चांदनहौला वाले 23.05 लाख रुपये से शुरू होकर 24.37 लाख रुपये तक हैं।

### कई कॉलोनियों के लोग परेशान

# बुराड़ी : नाले की सफाई एवं चारदीवारी मामले को लेकर विरोध प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नई दिल्ली



बुराड़ी क्षेत्र स्थित क्रीक नाले की बदहाल स्थिति को लेकर स्थानीय निवासियों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस प्रदर्शन में समाजसेवी राहुल शर्मा तथा विभिन्न आरडब्ल्यूए - सुशांत विहार, डीसीएम कॉलोनी, नत्थूपुरा, नत्थु कॉलोनी एवं सरूप विहार के पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी उपस्थित रहे। प्रदर्शन के दौरान लोगों ने दिल्ली सरकार एवं संबंधित विभागों से नाले की व्यापक सफाई, पक्की चारदीवारी निर्माण तथा स्थायी जल निकासी व्यवस्था के लिए विशेष बजट एवं फंड जारी करने की मांग की गई। साथ ही नाले की नियमित मॉनिटरिंग एवं रखरखाव हेतु स्थायी कार्ययोजना बनाने पर जोर दिया गया।

प्रदर्शनकारियों ने चेतावनी दी कि यदि शीघ्र प्रभाव से कार्यवाही नहीं की गई तो क्षेत्रवासी बड़े स्तर पर जन आंदोलन करने को बाध्य होंगे।

प्रदर्शनकारियों ने बताया कि लंबे समय से नाले की नियमित सफाई नहीं होने के कारण क्षेत्र में गंदगी, जलभराव तथा मच्छरों का प्रकोप बढ़ रहा है, जिससे डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है। बरसात के दौरान नाले का पानी आसपास की कॉलोनियों में भर जाने से आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ता है।




सीकेवाईसी आईडी: केवाईसी संबंधी आपकी सभी ज़रूरतों को पूरा करने वाली एकमात्र चाबी

सीकेवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री द्वारा जारी की जाने वाली 14-डिजिट की विशिष्ट सीकेवाईसी आईडी

यह कैसे काम करता है?

- केवाईसी जानकारी अपने बैंक में जमा करें।
- बैंक केवाईसी जानकारी केंद्रीय केवाईसी रिकॉर्ड रजिस्ट्री पर अपलोड करता है।
- इसे सभी बैंकों और वित्तीय संस्थाओं द्वारा इस्तेमाल किया जा सकता है।

अपनी सीकेवाईसी आईडी को जानें।
मिस्ड कॉल: 7799022129 या
ऑनलाइन: www.ckycindia.in

प्रमुख फायदे
- विभिन्न बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में आसानी से खाता खोलें।
- केवाईसी अपडेट करना हुआ आसान: एक बैंक में अपडेट की गई केवाईसी आपके अन्य सभी बैंकों/ वित्तीय संस्थाओं में अपडेट हो जाती है सीकेवाईसी के ज़रिए।

आसान। सुरक्षित। मानकीकृत।

अधिक जानकारी के लिए देखें https://rbikehtahai.rbi.org.in
अपनी प्रतिक्रिया देने के लिए rbikehtahai@rbi.org.in पर भेजें
आधिकारिक व्हॉट्सऐप नं. 99990 41935 / 99309 91935




जनहित में जारी
भारतीय रिज़र्व बैंक
RESERVE BANK OF INDIA
www.rbi.org.in

## खबर संक्षेप

### पर्यटक बहरूपियों के साथ खिंचवा रहे फोटो

**फरीदाबाद**। 39वें अंतरराष्ट्रीय सूरजकुंड इंटरनेशनल फेस्टिवल में इस बार बहरूपिये (विभिन्न रूप धारण करने वाले कलाकार) पर्यटकों के लिए खास आकर्षण बने हुए हैं। रंग-बिरंगे परिधानों, ऐतिहासिक और पौराणिक पात्रों की वेशभूषा तथा अनोखे मेकअप के साथ ये कलाकार मेले में घूमते नजर आ रहे हैं, जिन्हें देखते ही लोग ठिठक जाते हैं। पर्यटक न केवल उनके साथ फोटो खिंचवा रहे हैं बल्कि जमकर सेल्फी भी ले रहे हैं। बहरूपियों की मौजूदगी मेले को और जीवंत बना रही है। कोई बंदर-लंगूर, जिन, चार्ली चैंपिन के रूप में नजर आ रहा है तो कोई गब्बर, रावण, पीके, जीनी व अन्य पात्र बनकर लोगों का मनोरंजन कर रहा है। छोटे बच्चे इन कलाकारों को देखकर उत्साहित हो उठते हैं, वहीं युवा उनके साथ अलग-अलग अंदाज में तस्वीरें लेना नहीं भूलते। बहरूपिए इस सांस्कृतिक उत्सव में पारंपरिक लोक मनोरंजन की याद दिलाते हुए आधुनिक दर्शकों को आकर्षित कर रहे हैं।



### स्टोन से बने उत्पाद पर्यटकों की बने पहली पसंद

**फरीदाबाद**। मेले के अंतर्राष्ट्रीय पवेलियन में इस बार इराक के शिल्पकारों द्वारा लाए गए ओनिक्स पत्थर के उत्पाद आकर्षण का केंद्र बने हुए हैं। इराक की स्टॉल नंबर 801 पर सजे ये नायाब उत्पाद अपनी चमक और फिनिशिंग से पर्यटकों में लोकप्रिय बने हुए है। स्टॉल पर इराकी शिल्पकारों ने अपनी पारंपरिक पद्धति से इन पत्थरों को तराश कर डेली-यूज और डेकोरेशन के बेहतरीन उत्पाद लगाए हैं। घर की सजावट और उपहार देने के लिए पर्यटक इन पत्थर के उत्पादों में काफी रुचि दिखा रहे हैं। हर आयु वर्ग के पर्यटकों को लुभा रहे हैं। स्टॉल पर ओनिक्स पत्थर से बने रसोई सामान कपए कटोरी, फूलदान और अन्य सजावटी सामान उपलब्ध हैं। स्टॉल नंबर 801 पर मौजूद इराक के शिल्पकार मुस्तफा ने बताया कि वे भारतीय बाजार और यहां के लोगों की कला प्रेम से काफी प्रभावित हैं। यह स्टॉल न केवल व्यापार का जरिया बनी है।



# राव नरबीर सिंह ने कहा- शिक्षा ही देश की सशक्त नींव

## डीपीजी कॉलेज में 'सारंग-2026' का भव्य आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

डीपीजी कॉलेज प्रांगण में 15वें वार्षिक सांस्कृतिक समारोह 'सारंग-2026'का भव्य आयोजन हुआ। जिसका शुभारंभ मुख्य अतिथि हरियाणा के उद्योग एवं वाणिज्य मंत्री राव नरबीर सिंह ने किया। उन्होंने कहा कि शिक्षा ही राष्ट्र निर्माण की आधारशिला है और डीपीजी संस्था द्वारा गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के साथ-साथ विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।

कॉलेज चेयरमैन राजेंद्र गहलोत एवं सेक्रेटरी नरेंद्र गहलोत ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ दीं। वाइस चेयरमैन दीपक गहलोत ने कॉलेज की निरंतर प्रगति, उपलब्धियों एवं नवाचारों पर प्रकाश डालते हुए संस्थान की विकास यात्रा साझा की। इस अवसर पर प्राचार्य डॉ. एस.एस. बोकेन, रजिस्ट्रार अशोक गोगिया तथा विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष भी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान मेजर जनरल रंजीत सिंह (गेस्ट ऑफ ऑनर) का भी स्वागत किया गया और उनके द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम में यूजीसी के जॉइंट सेक्रेटरी डॉ. आर. मनोज कुमार एवं सुषांत यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर प्रो. राकेश रंजन विशिष्ट अतिथि के रूप में समारोह में शामिल हुए। समारोह के दौरान शैक्षणिक, खेल एवं सह-शैक्षणिक क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। डिग्री बेस्ट बॉय एवं गर्ल अवॉर्ड से ऋतिक चौरसिया एवं प्रिया को नवाज़ा गया। नेहा गुलिया, पॉलीटेक्निक विभाग से कुमार सुरेश एवं अंजलि आदि।

**खास बातें**

- शिक्षा से संस्कृति तक, प्रतिभा का उत्सव
- गहलोत ने विद्यार्थियों को उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएँ




### *विजेता टीम को सम्मानित किया*

*खेल दिवस में बेहतरीन प्रदर्शन करने के लिए बेस्ट बॉय स्पोर्ट्स अवॉर्ड देव (एसटीएम) और बेस्ट स्पोर्ट्स गर्ल हैप्पी (कला संकाय) को दिया गया। स्पोर्ट्स सप्ताह के विजेता रहे कला संकाय को भी सम्मानित किया। इसके साथ ही स्पोर्ट्स सप्ताह की विजेता कला संकाय टीम को भी विशेष रूप से सम्मानित किया गया।*

## डीजीपी हरियाणा ने मृतक पुलिस कर्मी के परिजनों से मुलाकात की और घायलों का हालचाल जाना

# सूरजकुंड झूला हादसा मामले में एजेंसी मालिक गिरफ्तार, गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

शनिवार को सूरजकुंड इंटरनेशनल क्राफ्ट्स मेले में झूला टूटने से हुए हादसे में इंस्पेक्टर जगदीश प्रसाद की मौत के बाद, सूरजकुंड पुलिस स्टेशन ने झूला एजेंसी के मालिक मोहम्मद शाकिर के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया। उसके साथी नितेश को भी गिरफ्तार किया गया है। उनसे पूछताछ के लिए उन्हें रिमांड पर लिया जाएगा। मोहम्मद शाकिर हिमाचल प्रदेश के सिरमौर जिले के टोका नांगला गांव का रहने वाला है, जबकि नितेश मेरठ कैंट के सदर, धर्मापुरी का रहने वाला है। वे हिमाचल फन फेयर नाम की एक एजेंसी चलाते हैं। इसी एजेंसी के जरिए उन्होंने सूरजकुंड मेले में झूले लगाने का ठेका लिया था। उन्होंने एम्यूजमेंट पार्क में 10 से ज्यादा झूले लगाए थे। इस मामले की जांच के लिए पुलिस कमिश्नर सतेंद्र कुमार गुप्ता ने तीन सदस्यीय स्पेशल इन्वेस्टिगेशन टीम का गठन किया है। टीम में एसीपी क्राइम वरुण कुमार दहिया, क्राइम ब्रांच एनआईटी इंचार्ज शीशपाल और सूरजकुंड पुलिस स्टेशन के संजय शामिल हैं। टीम वैज्ञानिक सबूतों के आधार पर मामले की जांच कर रही है।

### देर रात पर्यटन मंत्री पहुंचे घटना स्थल पर लिया जायजा

प्रदेश के पर्यटन मंत्री अरविंद शर्मा ने बीती रात घटना की जानकारी मिलते ही देर रात सूरजकुण्ड पहुंचे और घटनास्थल पर राहत बचाव कार्यों का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि घटना बहुत हृदय विदारक है। इस मामले से जुड़े सभी आरोपियों को जल्द से जल्द गिरफ्तार किया जाएगा वहीं घायल हुए पर्यटकों का ईलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी। साथ ही उन्होंने अधिकारियों के साथ जाकर घायलों से मुलाकात भी की।



एजेंसी मालिक आरोपी मोहम्मद शाकिर (बाएं) और नितेश

- *पुलिस ने कहा-पूछताछ के लिए रिमांड पर लिया जाएगा*
- *घायल पर्यटकों के ईलाज में कोई कोताही नहीं बरती जाएगी*



### *डीजीपी ने कहा-दुर्भाग्यपूर्ण घटना, घायलों का हालचाल जाना*

डीजीपी हरियाणा ने मृतक पुलिस कर्मी के परिजनों से मुलाकात की और घायलों का हालचाल जाना सूरजकुंड मेले की इस दुर्भाग्यपूर्ण घटना उपरांत पुलिस महानिदेशक अजय सिंघल व पुलिस आयुक्त सतेंद्र कुमार गुप्ता ने शहीद निरीक्षक जगदीश प्रसाद के परिजनों से सिविल अस्पताल फरीदाबाद में मुलाकात कर उनको सांत्वना दी। साथ ही निजी अस्पताल व सिविल अस्पताल में भर्ती अन्य घायलों का हाल-चाल जाना। पुलिस महानिदेशक सिंघल ने कहा कि निरीक्षक जगदीश प्रसाद ने घटनाक्रम में घायल व्यक्तियों को बचाते हुए अपने प्राणों को न्योछावर कर दिया। इसका हमें बहुत दुख है और निरीक्षक जगदीश प्रसाद पर गर्व भी है। पुलिस विभाग इस घटनाक्रम पर संवेदना व्यक्त करता है। हम शहीद जगदीश प्रसाद के परिवार के लिए यथासंभव आर्थिक सहायता करेंगे। पुलिस विभाग की अनुकंपा योजना के अंतर्गत परिवार के योग्य सदस्य को नौकरी दिलाई जाएगी।

### घटना में 12 व्यक्ति घायल हुए

पुलिस प्रवक्ता अनुसार इस घटनाक्रम में 12 व्यक्ति घायल हुए थे, जिनकी स्थिति सामान्य है। घायलों को उच्च स्तरीय चिकित्सा सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही हैं। घायलों में महिला सहायक उप निरीक्षक नीलम फरीदाबाद पुलिस, महिला सिपाही शर्मिला, पुलिस लाइन फरीदाबाद, राजेश थाना एसजीएम नगर, हर्ष प्रकाश निवासी कैसिया स्टेट पॉकेट, ग्रेटर नोएडा, प्रशांत निवासी गांव डूबे थाना सेफ जिला छैलपुर राजस्थान हाल आईआईटी 3 तक एयर दिल्ली, अमीषा निवासी सूर्य विहार पार्ट-2 सेक्टर 91 फरीदाबाद, परविंदर निवासी प्रहलादपुर नई दिल्ली शामिल है तथा अस्पताल से डिस्चार्ज हुए सुनील निवासी अकेड़ा थाना महेंद्रगढ़, शिवानी निवासी हाउस नंबर 207 बिरौना टावर नोएडा 78, बलबीर वास सुल्तानपुर, अनुज निवासी शेरपुर कासगंज उत्तर प्रदेश, पूजा निवासी बहादुरपुर फरीदाबाद पांचों को इलाज के बाद डिस्चार्ज कर दिया गया है। शनिवार को हुए हादसे के कारण आज रविवार को मेले में कम पर्यटक नजर आए। लोक संपर्क विभाग ने हादसे के बाद मेला पहले की तरह चालू रहने की सूचना जारी की है।

## सूरजकुंड मेले में उमड़ी भीड़

# मेला बन रहा लोक संस्कृति, शिल्प व व्यापार का संगम



हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

पर्यटन विभाग द्वारा सूरजकुंड में आयोजित अंतरराष्ट्रीय आत्मनिर्भर शिल्प मेले में पार्टनर कंट्री मिस्त्र के साथ-साथ थीम स्टेट उत्तर प्रदेश और मेघालय के अलावा देश-विदेश के शिल्पकारों को प्रमुखता दी गई है।

इस वर्ष आयोजित सूरजकुंड मेले में विभिन्न देशों के लोकगीत, नृत्य व संस्कृति लाखों दर्शकों का दिल जीत रहे है। मेले में देश के विभिन्न राज्यों व 50 से अधिक देशों से आए कलाकारों द्वारा अपनी सांस्कृतिक विरासत को दर्शाया जा रहा है, जिससे मेला देखने आए लोगों को भारतीय लोक संस्कृति के साथ-साथ विभिन्न देशों की संस्कृति और विविधता के दर्शन हो रहे है। इसके साथ ही यह मेला कारीगरों को अपनी विरासत व लोक संस्कृति प्रदर्शित करने का एक बड़ा मंच साबित हो रहा है जहां उनके उत्पादों को अंतरराष्ट्रीय पहचान मिल रही है।

## 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को लेकर आटो प्रचार किया

**फरीदाबाद**। चार लेबर कोड्स रद्द करने, ठेका प्रथा पर रोक लगाने, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने एवं न्यूनतम वेतन 30 हजार रुपए संशोधित करने सहित अन्य मांगों को लेकर आगामी 12 फरवरी की राष्ट्रव्यापी हड़ताल को सफल बनाने के लिए जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल फरीदाबाद ने प्रचार अभियान तेज कर दिया। आज सुबह एनआईटी स्थित एटक कार्यालय से श्री व्हीलर द्वारा प्रचार अभियान आरंभ किया गया। इस अवसर पर कन्वीनर वीरेंद्र सिंह डंगवाल और एटक के कामरेड आरएन सिंह उपस्थित रहे। अन्य साथियों में सुरेश कुमार यादव, ललन कुमार, मितुल कुमार शामिल रहे। आज पर्वतीय कॉलोनी, डबुआ कॉलोनी, आजाद नगर, पटेल नगर, इंदिरा नगर की मजदूर बस्तियों, जीवन नगर, गोंछी, संजय कालोनी, राजीव कॉलोनी, संजय गांधी मेमोरियल कॉलोनी में घर-घर जाकर हड़ताल के पर्चे बांटे गए। जॉइंट ट्रेड यूनियन काउंसिल का यह अभियान कल भी इसी तरह से जारी रहेगा।

# हिंदुओं को जातियां छोड़ कर, एक रहना चाहिए: स्वामी दीपांकर

## हिंदू सम्मेलन में बोले वक्ता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

कवि नगर रामलीला मैदान में आयोजित विराट हिंदू सम्मेलन में हिंदुओं की एकता पर जोर दिया गया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की स्थापना के 100 वर्ष पूर्ण होने पर (शताब्दी वर्ष)में हिंदुओं में नई ऊर्जा एवं चेतना प्रदान करने के लिए सभी हिंदू समाज द्वारा सनातन संस्कृति, सनातन धर्म एवं सामाजिक एकता का विराट कार्यक्रम में हिन्दू समाज के कई हजार की संख्या में लोग उपस्थिति रहे।

इस अवसर पर शस्वामी दीपांकर ने कहा हिंदुओं को जातियां छोड़ करके एक रहना चाहिए। जिस प्रकार मुस्लिम का बच्चा मुस्लिम, क्रिस्चियन का बच्चा क्रिस्चियन,उसी प्रकार हिंदू का बच्चा हिंदू होना चाहिए ना कि जाट वो गुज्रर त्यागी बनिया आदि। ये विदेशियों का उद्देश्य रहा कि जिसे तलवार से नहीं काटा जा सकता। उसे जातियों में बाँट दो लेकिन अब हिंदू एक है एक रहेगा और हिंदू होने पर हमें गर्व है हिंदुओं को संगठित करने का काम प्रत्येक हिंदू का है अगर बँटोगे तो काटोगे इसलिए जातिवाद को भूलकर के सिर्फ़ हिंदू बनें। इस अवसर पर पवन सिन्हा ने कहा कि भारत अगर विश्वगुरु बनता है तो पूरे विश्व में शांति हो जाएगी हमारे अंदर वीरता की कमी नहीं है बल्कि योजना की कमी है आज हिंदू संगठित हो रहा है जिसमें स्वामी विवेकानंद स्वामी दीपांकर व अन्य ने जातियों को व समाज को जोड़ने का काम किया है। जीवन ऋषि महाराज ने कहा जीवन का सबसे बड़ा संकट भीतरी उदासीनता है शरीर में खून के साथ साथ संस्कार बहना चाहिए धर्म मंदिरों में नहीं अपने समाज में दिखना चाहिए। हमें अपने राष्ट्र को मज़बूत करना चाहिए और हिंदू होने पर गर्व करना चाहिए। अरविंद भाई ओझा एवं नवनीत प्रिय दास ने हिंदुत्व, सनातन धर्म, संस्कार और राष्ट्र प्रेम के संबंध में उद्बोधन किया। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्रीय प्रचार प्रमुख पदम का मुख्य वक्ता के रूप में प्रेरक उद्बोधन रहा। हिंदू सम्मेलन को भव्य बनाने और सभी हिंदुओं को संगठित करके जो हिंदू समाज विभिन्न जातियों और भेदभाव के कारण बँटा हुआ है उन सभी को एक करने का उद्देश्य है। उत्कृष्ट धार्मिक और राष्ट्र प्रेम से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, समूह गान, देश भक्ति का समूह नृत्य, शिव तांडव, इत्यादि के कार्यक्रम भी प्रस्तुत किए गये। इसके साथ ही राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवि और कवयित्री द्वारा सनातन धर्म, हिंदुत्व, राष्ट्र प्रेम, संस्कार भारतीय संस्कृति,और पंच परिवर्तन के विषय में काव्य पाठ किया गया जिसमें लखनऊ से ओज के प्रसिद्ध कवि कमल आग्नेय और कवि नगर गाजियाबाद की अंतरराष्ट्रीय ख्याति प्राप्त कवयित्री अंजू जैन ने भी काव्य पाठ करके समा बांध दिया।



**सम्मेलन में उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया**

# इंडिया एजुकेशन समिट में एआई स्किल्स और सुधारों पर हुआ मंथन

## शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गुरुग्राम

15वां इंडिया एजुकेशन समिट में देश की शिक्षा व्यवस्था के भविष्य को लेकर मंथन हुआ। दिल्ली के ली मेरिडियन होटल में दिनभर चले इस सम्मेलन में नीति-निर्माताओं, शिक्षाविदों और उद्योग जगत के विशेषज्ञों ने हिस्सा लिया। समिट का फोकस राष्ट्रीय शिक्षा नीति (एनईपी) 2020 के क्रियान्वयन, शिक्षा में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की बढ़ती भूमिका और शिक्षा व रोजगार के बीच बने अंतर पर रहा।

वक्ताओं ने इस बात पर जोर दिया कि शिक्षा को भविष्य के अनुरूप बनाने के लिए अकादमिक संस्थानों, उद्योग और सरकार के बीच मजबूत सहयोग जरूरी है। सम्मेलन की शुरुआत उद्घाटन सत्र से हुई, जिसमें शोभित यूनिवर्सिटी के चांसलर कुंवर शेखर विजेंद्र और अरुणाचल यूनिवर्सिटी ऑफ स्टडीज के चेयरमैन डॉ. अश्विनी लोचन ने अपने विचार रखे। इस अवसर पर शिक्षा को राष्ट्रीय विकास और वैश्विक प्रतिस्पर्धा का आधार बताते हुए एजुकेशन कैंपस मैगज़ीन का विशेष अंक भी जारी किया गया, जिसमें देश के उत्कृष्ट कुलपतियों को सम्मानित किया गया। डॉ. अश्विनी लोचन ने राष्ट्र निर्माण में कौशल आधारित शिक्षा की अहमियत पर जोर देते हुए कहा, विकास पहले से विकसित स्थानों से नहीं, बल्कि वहां से शुरू होता है, जहां काम करने की इच्छाशक्ति होती है। 'विकसित भारत' के लक्ष्य के लिए डिग्री से ज्यादा स्किल्स, उत्पादन को बढ़ावा और एआईजैसी नई तकनीकों के साथ कदम से कदम मिलाकर चलना जरूरी है।



## अमन गोयल व पार्षद मुकेश अग्रवाल ने 4 ट्यूबवैल लगाने का किया शुभारंभ

# वार्ड नं.-37 क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल समस्या होगी खत्म: गोयल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ फरीदाबाद

कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के भतीजे एवं युवा भाजपा नेता अमन गोयल व वार्ड नंबर-37 के भाजपा पार्षद मुकेश अग्रवाल ने सेक्टर-9 में 4 नए ट्यूबवेलों का उद्घाटन किया। इन ट्यूबवेलों के शुरू होने से क्षेत्र में लंबे समय से चली आ रही पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान होगा और स्थानीय निवासियों को नियमित व स्वच्छ जल उपलब्ध हो सकेगा। इस मौके पर स्थानीय निवासियों ने भाजपा नेता अमन गोयल व पार्षद मुकेश अग्रवाल का फूल मालाओं से भव्य स्वागत किया।

इस मौके पर उपस्थितजनों को संबोधित करते हुए भाजपा नेता अमन गोयल ने कहा कि प्रदेश की नायब सैनी सरकार हर वर्ग के उत्थान के लिए कार्य कर रही है, फरीदाबाद सहित समूचे हरियाणा में समान रुप से विकास कार्य चल रहे है, आज हर वर्ग भाजपा सरकार की नीतियों से लाभान्वित हो रहा है। उन्होंने कहा कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल ने चुनावों के दौरान जनता से फरीदाबाद क्षेत्र के विकास के जो वायदे किए थे, उन्हें धीरे-धीरे पूरा किया जा रहा है और हर सेक्टर व कालोनी में समान रुप से विकास का पहिया चल रहा है। गोयल ने पार्षद मुकेश अग्रवाल की तारीफ करते हुए कहा कि वह आपके वॉर्ड के विकास के लिए दिन रात मंत्री गोयल के समक्ष अपनी बात रखते हैं जिसको कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल पूरा करने का कार्य करते हैं। इस मौके पर भाजपा पार्षद मुकेश अग्रवाल ने कहा कि कैबिनेट मंत्री विपुल गोयल के निरंतर मार्गदर्शन, सहयोग एवं जनहित के प्रति उनकी प्रतिबद्धता का परिणाम है कि उनके प्रयासों से वार्ड 37 में विकास कार्य लगातार गति पकड़ रहे हैं। इसके लिए मैं उनका हृदय से आभार व्यक्त करता हूं।

हमारा संकल्प है कि आने वाले समय में भी वार्ड-37 के प्रत्येक नागरिक की मूलभूत सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे, जिससे कि हमारा वार्ड-37 पूरे फरीदाबाद में सबसे विकसित वार्ड बन सके।



# नकली दवा तैयार करने वाले गिरोह के 5 आरोपी दबोचे, अवैध दवाओं के रैपर भी जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गाजियाबाद

स्वॉट टीम ग्रामीण जोन व थाना मुरादनगर पुलिस ने नकली दवा मामले में फरार चल रहे पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। उनके कब्जे से अवैध दवाईयाँ, 500 रेपर सीट लिव-52 व 1200 ढक्कन रंग हरा, 1200 प्लास्टिक की डिब्बी रंग सफेद, 10 पारदर्शी पॉलिथीन में टेबलेट लिव-52 कुल 50000 टेबलेट व 01 बैगनार कार बरामद हुए हैं।

- आरोपियों के पास वैगनार कार मिली

डीसीपी ग्रामीण एसएन तिवारी ने बताया कि तीन जनवरी को थाना मुरादनगर पर व तहरीर दी गयी कि मुकेश कुमार प्रोपराइटर एनपी ट्रैडिंग निवासी आदर्श कॉलोनी मुरादनगर गाजियाबाद द्वारा हिमालय वेलनेस ब्रांड की नकली दवाईयाँ बनाकर जालसाजी पूर्ण दस्तावेजों एवं नकली प्रपत्र फर्जी जीएसटी नंबर, फर्जी औषधि लाइसेंस का उपयोग करते हुए नकली दवाओं का व्यापार करना व क्रेता द्वारा दवाई को नकली बताकर वापस करना तथा नकली दवाईयाँ परिवहन स्टेशन पर पड़ी हुई है जिन्हें बाजार में बेचा जा सकता है। जिससे जन स्वास्थ एवं सुरक्षा को गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है । प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना मुरादनगर पर तत्काल धारा 318 (4)/ 336 (3)/340(2)/274/276 बीएनएस व धारा 18 (क), 18ख व 27 औषधि एवं प्रसाधन सामग्री अधिनियम व धारा 65 कॉपी राइट एक्ट के अन्तर्गत अभियोग पंजीकृत किया गया तथा अभियुक्तों की गिरफ्तारी हेतु पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस ने आरोपी मयंक अग्रवाल निवासी तिवड़ा रोड बाग कॉलोनी थाना मोदीनगर, अनुप गर्ग निवासी बंसाराम पार्क बिन्दापुरम वेस्ट उत्तम नगर दिल्ली तुषार ठाकुर निवासी सुभाषनगर घुघना थाना नन्दग्राम, आकाश ठाकुर निवासी दीवान फार्म हिण्डन विहार थाना नंदग्राम तथा नितिन त्यागी कॉलोनी थाना लोहिया नगर मेरठ व डिब्बी और ढक्कन की डाई बनाने की मशीन डाई मेकर शकील निवासी जमनानगर नवीन मण्डी के द्वारा तैयार की जाती हैं।

## खबर संक्षेप

### सांसद पप्पू यादव की जमानत पर सुनवाई आज

**पटना।** सांसद पप्पू यादव को पटना के पीएमसीएच अस्पताल के कैदी वार्ड से बेऊर जेल शिफ्ट कर



दिया है। पुलिस ने शुक्रवार आधी रात को उन्हें 31 साल पुराने एक मामले में गिरफ्तार किया था। शनिवार को उन्हें कोर्ट में पेश किया गया, जिसके बाद अदालत ने उन्हें दो दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। उनकी जमानत अर्जी पर सोमवार को एमपी-एमएलए विशेष कोर्ट में सुनवाई होगी।

### निशिकांत का हमला राहुल गांधी अर्बन नक्सल

**गोड्डा।** यहां से भाजपा सांसद निशिकांत दुबे ने लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी पर तीखा हमला बोलते हुए उन्हें 'अर्बन



नक्सल' कहा है। निशिकांत दुबे ने विपक्ष पर भी हमला बोला। दुबे ने विपक्ष पर आरोप लगाते हुए कहा कि वह संसद में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के खिलाफ साजिश रच रहे थे। उन्होंने राहुल गांधी द्वारा पूर्व सेना प्रमुख जनरल एमएम नरवणे की किताब का जिक्र किए जाने पर भी आपत्ति जताई।

### टेंपो पलटने से 3 बच्चों समेत 4 की मौत

**लखीमपुर खीरी।** धौरहरा थाना क्षेत्र में शनिवार देर रात बड़ा हादसा हो गया। बसंतापुर पुलिया के समीप



सवारियों से भरा टेंपो अनियंत्रित होकर पलट गया। हादसे में तीन मासूम की मौत हो गई, जबकि टेंपो चालक ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। पांच घायल हुए हैं। सभी रात में धौरहरा से धार्मिक कार्यक्रम से अपने गांव लौट रहे थे।

नीट छात्रा मौत की जांच पर उठाए सवाल

# बिहार की निर्भया के लिए दिल्ली के जंतर-मंतर पर जोरदार प्रदर्शन

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार के जहानाबाद जिले की 17 वर्षीय नीट छात्रा की पटना में मौत का मामला अब राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली तक गूंजने लगा है। नई दिल्ली के जंतर-मंतर पर रविवार को नीट छात्रा के कथित रेप और मर्डर केस के मामले में धरना प्रदर्शन किया गया।

इस दौरान छात्र संगठनों के सदस्य, सामाजिक कार्यकर्ताओं समेत कई लोग मौजूद रहे। प्रदर्शनकारियों ने 'बिहार की निर्भया' के लिए न्याय की मांग की। साथ ही पटना पुलिस, बिहार एसटीएफ की



जांच पर भी सवाल उठाए गए। प्रदर्शनकारियों ने खुले मंच से एक स्वर में इसे आत्महत्या नहीं, बल्कि एक जघन्य अपराध बताते हुए दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। इस प्रदर्शन में शामिल होने के लिए छात्रा के परिजन के अलावा बिहार के विभिन्न जिले से भी बड़ी संख्या में लोग दिल्ली पहुंचे। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि मृतका नाबालिग और पॉक्सो कानून के अंतर्गत संरक्षित थी, इसके बावजूद शुरू से ही मामले को दबाने और भटकाने का सुनियोजित प्रयास किया गया। प्रदर्शन के दौरान जांच पर कई सवाल उठाए गए। इनमें प्रमख रूप से मृतका 17 वर्ष की नाबालिग थी, फिर भी एफआईआर में उसकी उम्र 18 वर्ष दर्ज की गई। माता-पिता को समय पर सूचना नहीं दी गई। सरकारी अस्पताल ले जाने के बजाए निजी अस्पतालों में घुमाया गया। अपराध स्थल (छात्रावास) को सील नहीं किया गया। मरने से पहले पीड़िता द्वारा कहा गया वाक्य "मेरे साथ बहुत भयानक हुआ है" को गंभीरता से दर्ज नहीं किया गया।

पटना में कार्यकर्ताओं से करेंगे मुलाकात, 10 को विधानमंडल पहुंचेंगे

भाजपा नेता और कार्यकर्ता करेंगे जोरदार स्वागत

# भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कल पहली बार बिहार आएंगे नितिन नबीन

भाजपा के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन 9 फरवरी को बिहार दौरे पर आ रहे हैं। पटना एयरपोर्ट पर उनका स्वागत होगा, इसके बाद बापू सभागार में अभिनंदन कार्यक्रम और राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में भाग लेंगे। अगले दिन विधानसभा जाएंगे।

एजेंसी ▶▶ पटना

भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद कल 9 फरवरी पहली बार नितिन नबीन दो दिवसीय दौरे पर बिहार आ रहे हैं। 9 फरवरी की सुबह वो पटना एयरपोर्ट पहुंचेंगे जहां भाजपा नेता और कार्यकर्ताओं द्वारा उनका जोरदार स्वागत किया जाएगा। पटना एयरपोर्ट से नितिन नबीन सीधे गांधी मैदान के पास स्थित बापू सभागार के लिए रवाना होंगे। जहां स्वागत एवं अभिनंदन



कार्यक्रम का आयोजन होगा। पटना के बापू सभागार में बिहार के सभी कोने से बीजेपी कार्यकर्ता पहुंचेंगे और नितिन नबीन का स्वागत और सम्मान करेंगे। उसके बाद बीजेपी प्रदेश कार्यालय में आयोजित होने वाले राष्ट्रीय कार्यकारिणी की बैठक में वो शामिल होंगे। इस दौरान नितिन नबीन भारतीय जनता पार्टी के तमाम नेताओं और कार्यकर्ताओं से मुलाकात करेंगे और इस दौरान बैठक भी करेंगे। इन सभी कार्यक्रमों की तैयारियां अंतिम चरण में हैं। अगले दिन 10 फरवरी को भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन बिहार विधानमंडल पहुंचेंगे और विधानसभा की कार्यवाही में हिस्सा लेंगे।

नए बजट में ओटीडी के लिए कई योजनाएं की गई हैं प्रस्तावित

# यूपी को एक ट्रिलियन डालर की अर्थव्यवस्था बनाने का लक्ष्य, इस बार बढ़ाया जाएगा बजट

*वर्ष 2029-30 तक राज्य की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के साथ ही आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को 6 ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य है।*

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

उत्तर प्रदेश की अर्थव्यवस्था को वर्ष 2029-30 तक वन ट्रिलियन डालर (ओटीडी) तक पहुंचाने के लिए 11 तारीख को पेश किए जाने वाले राज्य बजट में कई नई परियोजनाएं भी शामिल की जा सकती हैं।

इस लक्ष्य को पाने के लिए लगभग 50 से 60 हजार करोड़ रुपए तक बजट आवंटन होने का अनुमान है। नियोजन विभाग ने नई परियोजनाओं का ब्यौरा सरकार को दिया है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने अगले पांच वर्ष में राज्य की विकास दर को 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है। विकास दर को उच्च स्तर पर ले जाने के लिए सरकार बजट में कई नए प्रविधान कर सकती है। चालू वित्तीय वर्ष में 15 विभागों की 130 से अधिक योजनाएं ओटीडी में शाामिल हैं।

**खास बातें**

- ओटीडी में अभी शामिल की गई हैं 15 विभागों की 130 योजनाएं
- विकास दर 20 प्रतिशत तक ले जाने का लक्ष्य तय किया है



**10-10 योजनाएं पशुधन और लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग से**

सबसे अधिक 36 योजनाएं भारी व मध्यम उद्योगों से जुड़ी हैं। 16 योजनाएं कृषि. 15 योजनाएं पर्यटन, 13 योजनाएं आइटी एवं इलेक्ट्रानिक्स विभाग के साथ ही 10-10 योजनाएं पशुधन और लघु उद्योग एवं निर्यात प्रोत्साहन विभाग से हैं। इन सभी योजनाओं के लिए चालू वित्तीय वर्ष में 47,918 करोड़ रुपए से कार्य कराए जा रहे हैं। नियोजन विभाग के प्रमुख सचिव आलोक कुमार ने बताया कि वर्ष 2029-30 तक राज्य की अर्थव्यवस्था एक ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने के साथ ही आजादी के 100वें वर्ष 2047 तक प्रदेश की अर्थव्यवस्था को छह ट्रिलियन डालर तक पहुंचाने का लक्ष्य है। ओटीडी के लक्ष्य को पाने के लिए वर्ष 2026-27 के बजट के लिए कई नए प्रविधान प्रस्तावित किए गए हैं।

### *उत्पादकता व निर्यात में राज्य को अग्रणी बनाने का लक्ष्य*

*वर्ष 2029-30 तक राज्य की अर्थव्यवस्था को ओटीडी तक पहुंचाने के लिए विकसित यूपी के विजन डाक्यूमेन्ट में लघु अवधि की कई योजनाएं प्रस्तावित की गई हैं। वर्ष 2029-30 तक कृषि क्षेत्र में सिर्फ उत्पादन में ही नहीं उत्पादकता व निर्यात में भी राज्य को अग्रणी बनाने का लक्ष्य लिया गया है। आइटी क्षेत्र में लखनऊ व कानपुर को एआइ सिटी, एनसीआर-लखनऊ-नोएडा को जीसीसी हब, नए यूनिकार्न स्टार्टअप तथा प्रत्येक मंडल में इंक्यूबेटर सेंटर का विकास करना प्रमुख रूप से शामिल है।*

**सभी सदस्य रखें इस बात का ध्यान**

उत्तर प्रदेश विधान मंडल बजट सत्र 9 फरवरी से शुरू होगा। इससे पहले रविवार को विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना की अध्यक्षता में रविवार को सर्वदलीय बैठक हुई। इसमें मुख्यमंत्री और नेता सदन योगी आदित्यनाथ ने भी हिस्सा लिया। सदन की कार्यवाही को सुचारु रूप से चलाने का अनुरोध करते हुए उन्होंने विपक्षी दलों के नेताओं से कहा कि जनता से जुड़े मुद्दों को सदन में रखें और इस पर स्वस्थ चर्चा कर प्रदेश में विकास को गति प्रदान करने के लिए सरकार का सहयोग करें। उन्होंने चेताया कि सदन के संचालन में कोई बाधा नहीं आए, सभी सदस्यों को इसका ध्यान रखना चाहिए।

अखिलेश ने एसआईआर पर उठाए सवाल, कहा-

# निर्वाचन आयोग भाजपा का सहयोगी दल बन गया

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

एसआईआर को लेकर सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष और यूपी के पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने सवाल उठाए हैं। उन्होंने कहा कि एसआईआर में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी हुई है। चुनाव आयोग और भाजपा पर सवाल उठाते हुए कहा कि सरकार द्वारा नियुक्त एजेंसियां जहां सपा जीती है, उन चुनिंदा बूथों को टारगेट किया जा रहा है। अखिलेश यादव ने कहा कि उनके पास इसका पूरा डाटा है।

**जहां सपा जीती वहां किया जा रहा है टारगेट :** अखिलेश यादव ने आरोप लगाया कि एसआईआर प्रक्रिया ने पहले ही चुनाव परिणामों को प्रभावित किया है। इसका असर बिहार चुनाव में दिखा। एसआईआर के जरिए ही वे (भाजपा) बिहार चुनाव जीतने में सफल हुए हैं। इसी तरह के प्रयास बंगाल चुनाव में भी जारी हैं। पश्चिम बंगाल में भाजपा यही करने की कोशिश कर रही है, इसलिए वहां की सरकार और मुख्यमंत्री ममता बेनर्जी बार-बार कह रही हैं कि निर्वाचन आयोग भाजपा का आयोग बन गया है। निर्वाचन आयोग भाजपा का सहयोगी दल बन गया है।



### *हमारे पास है पूरा डेटा*

*सपा प्रमुख में एसआईआर में हुई गड़बड़ी को लेकर सवाल उठाया और कहा कि कई पार्टी कार्यकर्ताओं और पीडीए के प्रहरियों ने संदिग्ध प्रपत्रों पर आपत्ति जताई थी। उन्होंने दशरथ और नंदलाल का उदाहरण दिया। अखिलेश यादव ने कहा कि नंदलाल आज हमारे साथ हैं। मुझे खुशी है कि बहादुर नंदलाल हमारे साथ खड़े हैं। उन्होंने फर्जी हस्ताक्षर का आरोप लगाते हुए कहा कि यह वही नंदलाल हैं, जिनके हस्ताक्षर कथित तौर पर भाजपा द्वारा लिए गए थे, जबकि नंदलाल अंगूठा लगाते हैं। कहा कि उनके पास इस तरह का पूरा डेटा उपलब्ध है।*

# हाईस्कूल विज्ञान और होम साइंस में आंतरिक मूल्यांकन खत्म, अब होगी प्रयोगात्मक परीक्षा

एजेंसी ▶▶ प्रयागराज

माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश (यूपी बोर्ड) ने हाईस्कूल स्तर पर विज्ञान एवं गृहविज्ञान विषय की प्रायोगिक परीक्षा को लेकर बड़ा बदलाव किया है। अब हाईस्कूल विज्ञान और गृह विज्ञान विषय में आंतरिक मूल्यांकन के स्थान पर प्रयोगात्मक परीक्षाएं आयोजित की जाएंगी।

यूपी बोर्ड के प्रस्ताव पर राज्यपाल ने स्वीकृति प्रदान करते हुए परिषद विनियमों में संशोधन को मंजूरी दे दी है। इन दोनों विषयों में अगले सत्र की परीक्षा से प्रयोगात्मक परीक्षा आयोजित कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश यूपी बोर्ड सचिव भगवती सिंह ने जारी किए हैं। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा इस संबंध में पूर्व में शासन को पत्र प्रेषित कर उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा अधिनियम की धारा-16(2) के अंतर्गत शासकीय स्वीकृति का अनुरोध किया गया था। शासन की स्वीकृति के बाद परिषद विनियमों के अध्याय-13 में संशोधन किया गया है।

**क्या संशोधित नियम ?:** संशोधित विनियम के अनुसार हाईस्कूल स्तर पर विज्ञान एवं गृहविज्ञान विषय को छोड़कर अन्य सभी विषयों में प्रयोगात्मक कार्यों का आंतरिक मूल्यांकन पूर्ववत पांच प्वाइंट स्केल ग्रेडिंग के आधार पर ही किया जाएगा। संशोधित व्यवस्था के तहत विज्ञान एवं गृह विज्ञान विषय में 30 अंकों की प्रयोगात्मक परीक्षा परिषद द्वारा आयोजित कराई जाएगी। इस परीक्षा के प्राप्तांक और ग्रेड को प्रमाणपत्र/सह अंकपत्र में प्रदर्शित किया जाएगा। पहले इन विषयों में प्रयोगात्मक कार्यों का आंतरिक मूल्यांकन पांच प्वाइंट स्केल ग्रेडिंग के आधार पर किया जाता था और 20 ग्रेड अंकपत्र में अंकित किए जाते थे, इस बदलाव के संबंध में माध्यमिक शिक्षा विभाग के सचिव कृष्ण कुमार गुप्ता ने यूपी बोर्ड सचिव को पत्र भेजा है।

सपा की महिला पार्षद के समर्थन में उतरे लोग

# विधायक के खिलाफ एफआईआर के लिए बीबीडी थाने का घेराव

एजेंसी ▶▶ लखनऊ

लखनऊ में नगर निगम की सरकारी जमीन पर कथित अवैध कब्जे को लेकर गाजीपुर जिले के एक विधायक के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराने की मांग ने तूल पकड़ लिया है।

समाजवादी पार्टी की पार्षद ममता रावत के नेतृत्व में रविवार को सैकड़ों समर्थकों ने बीबीडी थाने का घेराव कर जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने विधायक और



पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और निष्पक्ष कार्रवाई की मांग की। सपा समर्थक पार्षद ममता रावत के खिलाफ विधायक की ओर से की गई अभद्र टिप्पणी से नाराज थे। विधायक के खिलाफ मुर्दाबाद के नारे लगाए।

**सरकारी चकमार्ग पर बाउंड्री वॉल**

आरोप है कि विधायक ने ग्राम भैसोरा स्थित गंगोत्री विहार फेज-2 में नगर निगम की सरकारी जमीन पर अवैध कब्जा कर बाउंड्रीवॉल का निर्माण करा लिया। यह जमीन सरकारी अभिलेखों में चकमार्ग के रूप में दर्ज है, जहां से वर्षों से गांव का पानी निकलता रहा है। विधायक द्वारा बाउंड्री बनाए जाने के बाद क्षेत्र के सैकड़ों परिवारों की जलनिकासी बंद हो गई है और इलाके में लगातार जलभराव की स्थिति बनी हुई है। स्थानीय लोगों का कहना है कि इसी रास्ते से पानी निकलने के कारण यहां नाली निर्माण की मांग की जा रही थी, लेकिन दबंगई के बल पर विधायक ने पूरी जमीन घेर ली, जिससे हालात बद से बदतर हो गए।

पीके ने बगहा से शुरू की बिहार नवनिर्माण यात्रा

# महिलाओं से किए गए वादों को पूरा करने की मांग करेंगे

एजेंसी ▶▶ पटना

बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद चुनावी रणनीतिकार और जन सुराज पार्टी के सूत्रधार प्रशांत किशोर एक बार फिर से यात्रा पर निकल चुके हैं। इस बार उन्होंने बगहा से बिहार नवनिर्माण यात्रा की शुरुआत की है। जन सुराज पार्टी को मजबूत बनाने के लिए वो पूरे बिहार में आज से घूमेंगे। इस दौरान प्रशांत किशोर ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार से बिहार की महिलाओं को 2-2 लाख रुपए दिए जाने की मांग की। कहा कि जो वादा किया है वो निभाना पड़ेगा। बिहार विधानसभा चुनाव में करारी हार के बाद प्रशांत किशोर एक बार फिर राजनीतिक रूप से सक्रिय हो गये हैं। आज वो फिर बिहार यात्रा पर

- पीके फिर राजनीतिक रूप से सक्रिय



निकल चुके हैं। इस दौरान उन्होंने पीएम मोदी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के वादों का जिक्र किया जो उन्होंने बिहार की महिलाओं से किये थे। रोजगार करने के लिए हर महिलाओं को 10-10 हजार रुपए देने और उसके बाद 2-2 लाख रुपये देने का वादा चुनाव के दौरान किया गया था। उनका कहना है कि बिहार में एडीए की सरकार है, यदि एनडीए ने बिहार की महिलाओं से किया गया वादा पूरा नहीं किया तो हम समझेंगे कि यह केवल चुनावी घोषणा थी।

## पेज एक का शेष

### पीएम मोदी भरोसेमंद...

और हमें विश्वास है कि दोनों सरकारों और दोनों विदेश मंत्रियों की प्रतिबद्धता से इसे तेजी से आगे बढ़ाया जा सकता है।" मलेशियाई पीएम ने बताया कि दोनों देशों ने 11 दस्तावेजों का आदान-प्रदान किया, जिसमें एमओयू भी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि यह आदान-प्रदान सामान्य द्विपक्षीय समझौतों से आगे बढ़कर हुआ क्योंकि इसमें सेमीकंडक्टर, स्वास्थ्य देखभाल और सुरक्षा सहयोग जैसे क्षेत्रों को भी शामिल किया गया। पीएम इब्राहिम ने भारत के साथ व्यापार सहयोग बढ़ाने की आशा व्यक्त की और कहा कि यह 8.59 बिलियन डॉलर से आगे और अधिक बढ़ सकता है। उन्होंने स्थानीय मुद्राओं भारतीय रुपए और मलेशियाई रिंगित के इस्तेमाल को "अद्भुत उपलब्धि" बताया। उन्होंने शिक्षा संबंधों पर भी जोर दिया और कहा कि कई मलेशियाई नागरिक भारत में पढ़े हैं और मलेशिया में भारतीय छात्रों की संख्या भी बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि पिछले दशक में, पीएम मोदी के नेतृत्व में भारत के शिक्षा केंद्रों को शानदार पहचान मिली है। कई केंद्र पश्चिमी देशों के संस्थानों से भी आगे की उपलब्धि हासिल कर चुके हैं। इसलिए हम निश्चित रूप से इस क्षेत्र में छात्रों की संख्या बढ़ाने पर विचार करेंगे।

### 31 मार्च से पहले देश ...

आए हैं। उन्होंने विश्वास जताया कि आगामी 31 मार्च से पहले नक्सलवाद का पूरी तरह उन्मूलन कर दिया जाएगा।

**छग विकास का प्रतीक बन रहा :** अमित शाह ने कहा कि कभी नक्सल हिंसा का गढ़ रहा छत्तीसगढ़, अब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रही डबल इंजन सरकार के तहत विकास का प्रतीक बनता जा रहा है। उन्होंने कहा कि राज्य के युवा खेल, फॉरेंसिक साइंस और तकनीकी शिक्षा के क्षेत्रों में तेजी से आगे बढ़ रहे हैं, साथ ही अपनी संस्कृति और परंपराओं का संरक्षण भी कर रहे हैं।

### विजय शाह केस ...

ने लिखी गई माफी को पढ़कर माफी मांगी है। सरकार ने अपनी मंशा से जुड़ी रिपोर्ट सुप्रीम कोर्ट में पेश करने के लिए दिल्ली भेज दी है। इस संबंध में गृह विभाग के एसीएस शिवशेखर शुक्ला, सचिव कृष्णा वेणी देशावतु और अतिरिक्त सचिव मनीषा सेंतिया दिल्ली गए थे। 9 फरवरी को अभियोजन से जुड़े बिंदु पर सुनवाई संभावित है, जबकि 11 फरवरी को मामले के अन्य पहलुओं पर सुनवाई हो सकती है।

### युवा एनआरआई छात्रों से संवाद ...

दौरान जेन-ज़ी से जुड़े कई ज्वलंत विषय सामने आए, पेशे और जुनून के बीच संतुलन, सोचने, बोलने और खोजने की स्वतंत्रता, तथा चिंता, असुरक्षा और सामाजिक जजमेंट से निपटने जैसे मुद्दे प्रमुख रहे।

### खुद के प्रति ...

कि व्यक्ति खुद के प्रति सच्चा रहे। उन्होंने युवाओं को यह संदेश दिया कि दुनिया आपको जो बताने की कोशिश करे, उससे अधिक अहम है कि आप खुद को कैसे समझते हैं।

### न्यायिक निर्णय पूरी तरह ...

बनाने में तकनीक और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) की भूमिका पर मंथन करना रहा। भोपाल स्थित राष्ट्रीय न्यायिक अकादमी (एनजेए) में यह कॉन्फ्रेंस हुई। न्यायाधीशों ने इस बात पर सहमति जताई कि एआई का उपयोग मामलों की पेंडेंसी कम करने और प्रक्रियाओं को तेज करने में सहायक हो सकता है। हालांकि, यह भी स्पष्ट किया गया कि न्यायिक निर्णय पूरी तरह न्यायाधीशों के विवेक पर ही आधारित रहेंगे और फैसलों में एआई की कोई भूमिका नहीं होगी। एआई को केवल सहायक उपकरण के रूप में अपनाने पर जोर दिया गया। भोपाल कॉन्फ्रेंस की थीम 'एकीकृत, कुशल और जन-केंद्रित न्यायपालिका' रखी गई थी। इस विषय पर जस्टिस जेके महेश्वरी, जस्टिस बीबी नागरत्ना, जस्टिस पी. नरसिम्हा, जस्टिस दीपांकर दत्ता, जस्टिस जॉय माल्या बागची और जस्टिस विपुल मनुभाई पंचोली ने अलग-अलग पहलुओं पर अपने विचार साझा किए। चर्चा में डिजिटल नवाचारों के जरिए भाषाई और भौगोलिक बाधाओं को दूर करने पर विशेष ध्यान दिया गया। गौर हो कि सुप्रीम कोर्ट ने न्यायपालिका में एआई के उपयोग को लेकर पहले ही एक समिति का गठन किया हुआ है, जिसका दिसंबर 2025 में पुनर्गठन किया गया। यह समिति सुप्रीम कोर्ट और अधीनस्थ न्यायालयों में एआई टूल्स के विकास, उपयोग और कार्यान्वयन के लिए रोडमैप तैयार करेगी। इस समिति के अध्यक्ष सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस पीएस नरसिम्हा हैं। रविवार दोपहर बाद सभी न्यायाधीश और उनके परिजन भोपाल से अपने गंतव्यों के लिए रवाना हो गए।

### अदालतों के कामकाज...

न्यायपालिका के काम को अधिक प्रभावी और तेज बनाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने न्यायिक नीतियों में सुधार और न्यायपालिका के प्रदर्शन के नियमित मूल्यांकन की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

### परिजनों ने भोपाल...

स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर और ट्राइबल म्यूजियम सहित अन्य दर्शनीय स्थलों को देखा और भोपाल की प्राकृतिक व सांस्कृतिक सुंदरता का अनुभव किया।

# निशाने पर थे डेढ़ लाख लोग, 5000 करोड़ की ठगी

एजेंसी ▶▶ अलीगढ़

अलीगढ़ में साइबर अपराध में शायद ही देश में ऐसा कार्रवाई पहले हुई हो, जब साइबर ठग ठगी करते समय दबोचे गए हों। जिले की साइबर टीम ने हांगकांग से संचालित जिस गैंग पर कार्रवाई की है, उसने 600 व्हाट्सएप ग्रुपों में देश के डेढ़ लाख लोगों को जोड़ रखा था। उनसे छह फरवरी को करीब 1200 करोड़ से ज्यादा की ठगी होनी थी।

इस कार्रवाई के बीच गृह व दूरसंचार मंत्रालय की मदद से सभी 600 व्हाट्सएप ग्रुपों को बंद कराने के साथ-साथ ठगी के लिए बनाई गईं दो एप भी देश में प्रतिबंधित कराई गईं। हालांकि, इस कार्रवाई से पहले पिछले एक सप्ताह में 1200 करोड़ से ज्यादा इन्हीं व्हाट्सएप ग्रुपों से ठग लिए गए।

लाइसेंस नं. 15/2018, दिनांक 13 फरवरी 2018
BUILDING PLAN MEMO NO.: ZP-1238/AD(RA)/2018/28705 dated 08 Oct 2018
HARERA पंजीकरण संख्या : RC/REP/HARERA/GGM/2018/26 दिनांक 28 नवंबर, 2018
Aashiyara Sector 37C, Gurugram

सूचना

आशियारा अफॉर्डेबल हाउसिंग प्रोजेक्ट Sector-37 C, Gurugram, Haryana के सभी सफल आवेदकों को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित सफल आवंटियों ने अपने आवंटित फ्लैट की आवंटन राशि का भुगतान नियत तिथि तक नहीं किया है, जिसकी सूचना उन्हें स्पीड पोस्ट व ई-मेल के माध्यम से दी जा चुकी है। अतः निम्नलिखित आवेदकों और आवंटियों को इस समाचार पत्र के माध्यम से पुनः अनुरोध किया जाता है कि अपनी आवंटन राशि/किस्त राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से अगले 15 दिन के अंदर कर दें। अन्यथा उनका आवंटन रद्द माना जाएगा व जो फ्लैट इनको आवंटित थे उनको रद्द कर पुनः आवंटन की प्रक्रिया के लिए, (समय-समय पर संशोधित-हरियाणा अफॉर्डेबल हाउसिंग पॉलिसी 2013) के नियमानुसार अपेक्षित कार्यवाही की जाएगी।

आवेदन संख्या की सूची

| | | |
|---|---|---|
| सामान्य वर्ग | 2 BHK TYPE A | 123, 124, 127, 128, 609 |
| | 2 BHK TYPE B | 1675, 2882, 3082, 3257, 3422, 3427 |
| | 3 BHK | 1049 |

रेणुका ट्रेडर्स प्राइवेट लिमिटेड CIN. U74899DL1983PTC014992
पंजीकृत कार्यालय : ए-25, मोहन कॉपरेटिव इंडस्ट्रियल एस्टेट, नई दिल्ली-110044 | care@aashiyara.com | दूरभाष : 011-46469999

